अमर उजाला

यमुना अथॉरिटी का बजट: इस साल खर्च होंगे 4528 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास-निर्माण के अलावा जानें किसे कितना हुआ मंजूर

अमर उजाला ब्यूरो, नई दिल्ली Published by: आकाश दुबे Updated Tue, 26 Apr 2022 04:51 PM IST

सार

यमुना अथॉरिटी बोर्ड ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए बजट पास कर दिया है। इस साल तमाम विका
योजनाओं पर अथॉरिटी 4528 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस बजट में ग्रामीण विकास पर खास ज
दिया गया है। वहीं निर्माण योजनाओं पर 1160 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की होती बोर्ड बैठक - फोटो : अमर उजाला

विस्तार

यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की बोर्ड बैठक मंगलवार दोपहर को हुई। ब
चालू वित्त वर्ष के लिए बजट पास कर दिया है। इस साल तमाम विकास योजनाओं पर अथ
4528 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बड़ी बात यह है कि ग्रामीण विकास पर खास जोर दिया जा
निर्माण योजनाओं पर 1160 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण ने जेवर अंतरर
हवाईअड्डे के दूसरे चरण के लिए 405 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट और
के बीच मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

भूमि अधिग्रहण के लिए 1553 करोड़ रुपये

यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस साल के
में सबसे बड़ा मद भूमि अधिग्रहण रखा है। चालू वित्त वर्ष में यानी 31 मार्च 2022 तक प्राधि
1200 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगा। इसके लिए किसानों को 1553 करोड़ रुपये का मुअ

चरण पर भी काम शुरू हो चुका है। यमुना सिटी एयरपोर्ट में 12.5 प्रतिशत की हिस्सेदा
प्राधिकरण ने अपने हिस्से के 405 करोड़ रुपए आवंटित कर दिए हैं। इससे पहले नोएडा और
नोएडा विकास प्राधिकरण भी अपने-अपने हिस्से का पैसा जारी कर चुके हैं। प्राधिकरण का
शहर और पूरे दिल्ली-एनसीआर को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जोड़ने पर है। इसके लिए
पॉडटैक्सी और एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं। इस मद में 31 मार्च 2022 तक प्राधिकरण 300 क
रुपये खर्च करेगा। कुल मिलाकर जेवर एयरपोर्ट और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर यमुना अथ
705 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है।